वेबसाइट:www.bankofbaroda.in **ईमेल:corp.pr@bankofbaroda.com**

स्थान/**Place: Mumbai** दिनांक/**Date:- 01.07.2023**

प्रेस विज्ञप्ति /Media Release

देबदत्त चाँद ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पदभार ग्रहण किया

मुंबई, **1** जुलाई, **2023:** श्री देबदत्त चाँद ने आज बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह पदभार श्री संजीव चड्ढा के स्थान पर ग्रहण किया, जिनका कार्यकाल **30** जून, **2023** को समाप्त हुआ।

श्री चाँद मार्च **2021** से बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत थे, जिसके बाद उन्हें एमडी एवं सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया। बैंक के कार्यपालक निदेशक के तौर पर, वे कॉर्पोरेट एवं संस्थागत ऋण, कॉर्पोरेट एवं संस्थागत बैंकिंग, ट्रेजरी एवं वैश्विक बाजार, मिड कॉर्पोरेट व्यवसाय, तथा व्यापार एवं विदेशी मुद्रा की देखरेख का दायित्व संभाल रहे थे। इसके अलावा, उन्होंने बैंक में अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग व्यवसाय, घरेलू सहायक कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों, धनसंपदा प्रबंधन, पूंजी बाजार, एनआरआई व्यवसाय के साथ-साथ एचआरएम, वित्त एवं आयोजना, जोखिम प्रबंधन, लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण, ऋण निगरानी, संग्रहण, विधि, अनुपालन, शिक्षण एवं विकास, अनुशासनात्मक कार्यवाही, सूचना सुरक्षा तथा संपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा जैसे प्रमुख दायित्वों का सफलतापूर्वक निवर्हन किया।

श्री चाँद को वाणिज्यिक बैंकिंग तथा विकास वित्त संस्थानों में **29** वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है, और उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में अपना एक मजबूत आधार बनाया है। वर्ष **1994** में उन्होंने इलाहाबाद बैंक में एक अधिकारी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की, जिसके बाद वर्ष **1998** से वर्ष **2005** तक वे भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) में प्रबंधक के पद पर कार्यरत रहे। वर्ष **2005** में उन्होंने पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) में मुख्य प्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला और लगातार प्रगति करते हुए मुख्य महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत हुए। पीएनबी में अपने **15** से अधिक वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, जिनमें पटना में आंचलिक लेखापरीक्षा कार्यालय के प्रमुख, बरेली क्षेत्र के मंडल प्रमुख, एकीकृत ट्रेजरी परिचालन प्रमुख तथा मुंबई क्षेत्र के प्रमुख का पद शामिल है।

श्री चाँद वर्तमान में बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, इंडिया इन्फ्राडेब्ट लिमिटेड, बड़ौदा फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (तंजानिया) लिमिटेड, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (युगांडा) लिमिटेड तथा बैंक ऑफ़ बड़ौदा (केन्या) लिमिटेड के बोर्ड में भी अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। इससे पहले, वे पीएनबी प्रिंसिपल म्यूचुअल फंड और स्विफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में पंजाब नैशनल बैंक के मनोनीत निदेशक के रूप में भी सेवारत थे।

उन्होंने बी.टेक. तथा एमबीए की डिग्री के अलावा सीएआईआईबी (**CAIIB**) की अर्हता भी प्राप्त की है। साथ ही, श्री चाँद इक्विटी रिसर्च में पीजी डिप्लोमा कर चुके हैं और वे एक प्रमाणित पोर्टफोलियो मैनेजर भी हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com